राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency

संचिका संख्या : SHSB/GA/De Addict/1793/2016 दिनांक : ....

लोकेश कुमार सिंह,भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक
—सह—
विशेष सचिव स्वास्थ्य

सेवा में,
जिला पदाधिकारी
कटिहार

विषयः नशा मुक्ति केन्द्र एवं District Early Intervention Centre के आश्रय स्थल में संचालन के संबंध में।

प्रसंगः प्रधान सचिव नगर विकास विभाग बिहार सरकार का पत्र संख्या 1832 दिनांक 04.08.2017

महाशय,

प्रधान सचिव नगर विकास विभाग बिहार सरकार का उपरोक्त प्रासंगिक पत्र (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करना चाहेंगे जिसमें उल्लेखित है कि नगर निगम कटिहार द्वारा निर्मित आश्रय स्थल में नशा मुक्ति केन्द्र एवं District Early Intervention Centre का संचालन किया जा रहा है जो कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के दिशा निर्देश के प्रतिकूल है। इनके पत्र में आग्रह किया गया है कि इस आश्रय स्थल को खाली कराया जाय ताकि मा० सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में आश्रय स्थल का संचालन कराया जा सके।

2. उक्त संदर्भ में सिविल सर्जन कटिहार द्वारा सूचित किया गया है कि नशा मुक्ति केन्द्र एवं District Early Intervention Centre का आश्रय स्थल में संचालन आपके एवं नगर निगम की जानकारी में है।

3. उक्त के आलोक में आग्रह है कि आश्रय स्थल में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को किसी उपयुक्त स्थल पर जल्द—से—जल्द स्थानान्तरित कराया जाय ताकि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के निर्बाद्ध संचालन के साथ ही मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का भी अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

विश्वासभाजन
ह0/
(लोकेश कुमार सिंह)

अनुलग्नकः यथोक्त

ज्ञापांक : SHSB/GA/De Addict/1793/2016/3630 दिनांक 04/10/2017

प्रतिलिपिः

1. प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग बिहार सरकार को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
3. क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. सिविल सर्जन, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित है कि उक्त के आलोक में कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को ससमय अवगत करायेंगे।
5. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राज्य स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

कार्यपालक निदेशक
—सह—
विशेष सचिव स्वास्थ्य
04/10/17

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, स्वस्थ बिहार दूरभाषः 0612-2290340, 2281545, फैक्सः 2290322,